भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

सैन्य कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4917

31 मार्च, 2023 को उत्तर के लिए

जनजातीय क्षेत्रों में रक्षा अकादमी

4917. श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल :

श्री दुर्गा दास उइके :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आदिवासी क्षेत्रों में रक्षा अकादमी शुरू करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ख) सेना भर्ती अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश में रक्षा अकादमी शुरू करने के लिए प्रस्तावित स्थानों का ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या बैतूल, खरगौन और बड़वानी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में ऐसी कोई अकादमी स्थापित करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का सेना में बिरसा मुंडा रेजिमेंट बनाने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) से (ग): वर्तमान में, ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन नहीं है ।

(घ): उक्त विषय पर सरकारी नीति के अनुसार, सभी नागरिक अपने वर्ग, पंथ, क्षेत्र अथवा धर्म के निरपेक्ष भारतीय सेना में भर्ती होने के पात्र हैं । स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद, सरकार की यह नीति रही है कि एक विशेष वर्ग/समुदाय/धर्म या क्षेत्र के लिए कोई नई रेजिमेंट नहीं बनाई जाए ।

***